एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (इन्टेग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डवलेपमेंट प्रोग्राम) के अन्तर्गत डिजाइन तथा विकास कार्य योजनानुसार चल रहा है। "पृथ्वी" मिसाइल का उत्पादन शुरू हो गया है और अन्य मिसाइलें भी विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस संबंध में और ब्यौरे देना राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में नहीं होगा।

Navy undermined by bureaucratic delays

1594. SHRI JALALUDIN ANSARI: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a statement of former Chief of Naval Staff Admiral V.S. Shekhawat to the effect that the Navy has been undermined by bureaucratic delays and lack of Government understanding of Navy needs as appeared in the Times of India, New Delhi, dated the 25th June, 1997;

(b) if so, Government's reaction thereto; and

(c) the measures Government have taken/propose to take to strengthen Navy?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) and (b) Yes, Sir. Government are aware of the newspaper report. All developments having a bearing on the country's security are kept under constant observation by the Government and appropriate counter-measures are initiated from time to time to maintain defence preparedness.

(c) Naval HQrs have drawn up a fifteen years perspective plan for modernisation of the Indian Navy. A number of steps have been initiated by the Governments as counter-measures to the emerging threat scenario.

पाकिस्तान और चीन की तुलना में भारत का रक्षा व्यय

1595. **श्री रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचार पत्र "दैनिक जागरण" दिनांक 14.7.97 में "रक्षा खर्च में पाक व चीन के सामने कहीं नहीं ठहरता भारत" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर आकृष्ट कराया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त समाचार पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और पाक व चीन के मुकाबले भारत की रक्षा खर्च की स्थिति क्या है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन०वी०एन० सोमू): (क) जी, हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है।

विवरण

भारत, पाकिस्तान और चीन द्वारा रक्षा पर खर्च किए गए सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत दर्शाने वाले सांख्यिकीय आंकड़े नीचे दिए गए हैं:—

वर्ष	भारत	पाकिस्तान	चीन
1992-93	2.49	7.70	5.20
1993-94	2.68	6.96	5.53
1994-95	2.43	6.88*	5.60
1995-96	2.45*	6.88*	5.66
1996-97	2.26*	6.99*	उपलब्ध नहीं हैं

*टिप्पणी: आंकड़े अनंतिम हैं।